BRAMPTON

Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

# सिटी ऑफ ब्रैम्पटन लुन्नर न्यू यीअर का जशन मना रही है और यीअर ऑफ द टाइगर का स्वागत कर रही है

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (24 जनवरी, 2022) – सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, कम्युनिटी को लुन्नर न्यू यीअर (Lunar New Year) का जशन मनाने और यीअर ऑफ द टाइगर (Year of the Tiger) का स्वागत करने के लिए आमंत्रित करती है। इनके लिए, 1 फरवरी से शुरू करते हुए, व्यक्तिगत तथा ऑनलाइन, दोनों तरह की प्रोग्रामिंग होगी। 2022, यीअर ऑफ द टाइगर का प्रतीक है – जो ताकत, खुशहाली और विश्वास को प्रकट करता है।

**लुन्नर न्यू यीअर आर्ट सक्वेयर (Lunar New Year Art Square)**
डेली टाइम्स सक्वेयर, 33 क्वीन स्ट्रीट वेस्ट (Daily Times Square, 33 Queen Street West)
2 से 14 फरवरी तक

ब्रैम्पटन चाइनीज बिजनेस एसोसिएशन (Brampton Chinese Business Association) के साथ साझेदारी में, सिटी हॉल (City Hall) के बाहर डेली टाइम्स सक्वेयर (Daily Times Square) में एक अस्थायी पब्लिक आर्ट प्रदर्शनी डिस्पले की जाएगी, जो कैनेडियन विरासत और ईस्ट एशियन संस्कृति का जशन मनाती है। 2 से 14 फरवरी तक लगने वाली प्रदर्शनी में, चार लोकल कलाकारों, अबिओला इडोवु (Abiola Idowu), खौला सिद्दीकी (Khaula Siddique), स्कॉट गिवन (Scott Given) और क्रिस मुनुसामी (Chris Munusami) का काम शामिल किया जाएगा।

**लुन्नर न्यू यीअर के वर्चुअल (आभासी) जशन**
1 से 14 फरवरी तक, सिटी, कम्युनिटी के लिए ऑनलाइन जशन का आयोजन करेगी, ताकि वे प्रत्येक कलाकार की ओर से उनकी प्रेरणादायक और प्रक्रियात्मक, पारंपरिक ईस्ट एशियन परफॉर्मेंसेज साझी करने के साथ, वीडियो इंटरव्यू के द्वारा लुन्नर न्यू यीअर का आनंद ले सकें और इस बारे में अधिक जान सकें।

लुन्नर न्यू यीअर के जशन के बारे में अधिक जानकारी के लिए, brampton.ca/lunarnewyear पर जाएं।

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, अपने उदार कार्यक्रम प्रायोजकों (स्पांसर्स), अल्गोमा यूनिवर्सिटी (Algoma University) और आर.बी.सी. (RBC) का धन्यवाद करती है।

**हवाले**

“सिटी ऑफ ब्रैम्पटन की ओर से, मैं हर किसी को स्वस्थ और खुशहाल वर्ष की शुभकामना देता हूं। चूंकि हम यीअर ऑफ द टाइगर का स्वागत कर रहे हैं, इसलिए ब्रैम्पटन के डेली टाइम्स सक्वेयर में, इस शानदार पब्लिक आर्ट डिस्प्ले के साथ, लुन्नर न्यू यीअर और ब्रैम्पटन की विविधता का जशन मनाना बहुत ही मज़ेदार है। आपको चाइनीज नववर्ष की शुभकामनाएं!”

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“ब्रैम्पटन एक मोजैक है और हम हमारी कम्युनिटी के कार्यक्रमों और योगदानों का जशन मनाने पर बेहद खुश हैं। मैं हर किसी को लुन्नर न्यू यीअर की बधाई देता हूं और कामना करता हूं कि 2022 सभी के लिए खुशहाली भरा हो।”

- *हरकीरत सिंह (Harkirat Singh), सिटी काउंसलर, वार्ड्स 9 और 10; चेयर, कार्पोरेट सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“ब्रैम्पटन की विविध कम्युनिटी ही इस शहर को इतना खास बनाती है। सभी कर्मचारियों और व्यापक कम्युनिटी को लुन्नर न्यू यीअर की बधाई हो और 2022 के लिए अच्छे स्वास्थ्य की शुभकामनाएं।”

- *डेविड बैरिक (David Barrick), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 700,000 लोगों और 75,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
प्रभजोत कैंथ (Prabhjot Kainth)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Prabhjot.Kainth@brampton.ca